कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
फोन : 0612–2521928 ईमेल : rd-bihar@esic.nic.in

सत्यमेव जयते

पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार
जे. एल. नेहरू मार्ग, पटना – 800001
PANCHDEEP BHAWAN, REGIONAL OFFICE, BIHAR
J. L. NEHRU MARG, PATNA – 800001
वेबसाइट : www.esic.nic.in / www.esic.in

# प्रेस विज्ञप्ति

श्री प्रणय सिन्हा, बीमा आयुक्त, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, नई दिल्ली दिनांक 12/05/2023 को क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के दौरे पर रहे। इस दौरान उनके द्वारा पंचदीप भवन, पटना में बीमितों एवं नियोक्ताओं के लिए नवनिर्मित सहायता केंद्र का लोकार्पण किया गया, जहां से ई. एस. आई. संबंधी जानकारी एवं समस्याओं का निराकरण किया जा सकेगा। इसके पश्चात् बीमा आयुक्त की श्री अरविन्द कुमार चौधरी, प्रधान सचिव, श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के साथ कर्मचारी राज्य बीमा योजना से संबंधित विभिन्न मदों, जिसमें विशेषतः स्टेट ऑटोनोमस बोर्ड का गठन एवं मुजफ्फरपुर में 100 बिस्तरीय अस्पताल खोले जाने हेतु 5 एकड़ जमीन के संबंध में सकारात्मक चर्चा हुई। तत्पश्चात् क्षेत्रीय निदेशक, बिहार ने बिहार में ई. एस. आई. योजना के संबंध में एक प्रजेंटेशन दिया, जिसके माध्यम से ई. एस. आई. योजना की वर्तमान स्थिति एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में उनको अवगत कराया। क्षेत्रीय निदेशक ने इस दौरान डी. सी. बी. ओ. एवं ई–संजीवनी के माध्यम से बीमितों को प्रदान किए जा रहे चिकित्सीय सुविधा के बारे में जानकारी दी, जिसका बीमा आयुक्त द्वारा सराहना किया गया। इसके बाद उनके द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय के

अधिकारियों के साथ एक संक्षिप्त बैठक करने के उपरांत बीमित व्यक्ति स्व0 अभिषेक तिवारी जो मेसर्स गुप्ता इंटरप्राइजेज में पं0 दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन पर लिफ्टमैन पद पर कार्यरत थे, की रोजगार दुर्घटना में मृत्योपरान्त मिलनेवाले आश्रितजन हितलाभ के लिए उनके माता–पिता को पेंशन संबंधी स्वीकृति पत्र सौंपा गया एवं मृतक बीमित के आश्रितों के साथ संवेदना प्रकट की गयी। इसके पश्चात् बीमा आयुक्त द्वारा BIDC के प्रबंध निदेशक के साथ रांची अस्पताल हेतु कर्मचारी राज्य बीमा निगम को आवंटित जमीन के हस्तांतरण के संबंध में आ रही समस्याओं के त्वरित निष्पादन के बारे में चर्चा हुई।

**क्षेत्रीय निदेशक**